# के.के. वाघ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग ने शुरू किया उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रम

## नौकरियों के साथ-साथ उद्योग के अवसर भी बढ़ेंगे

**महानगर नेटवर्क**

**नाशिक**

कर्मवीर काकासाहेब वाघ इंजीनियरिंग कॉलेज ने केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति के रचनात्मक विकेंद्रीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक ठोस कदम उठाया है। कॉलेज के निदेशक प्रो. डॉ. केशव नांदुरकर ने बताया कि संस्थान में 4 नए उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं।



प्रो. डॉ. नांदुरकर गंगापुर रोड पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। संस्थान के अध्यक्ष समीर वाघ के दूरदर्शी नेतृत्व में संस्थान नए शैक्षणिक लक्ष्यों की ओर एक मजबूत नींव रख रहा है। औद्योगिक क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखने वाले विशेषज्ञ इंजीनियरों द्वारा तैयार किए गए इन पाठ्यक्रमों को ये विशेषज्ञ स्वयं पढ़ाएंगे। नाशिक के जाने-माने उद्यमी और इन पाठ्यक्रमों के डिजाइन में शामिल नीलेश सालगांवकर ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में आवश्यक ज्ञान, कौशल और शैक्षणिक पाठ्यक्रम के बीच भारी अंतर को भरने के लिए इस तरह के नए पाठ्यक्रम की आवश्यकता है। रोबोटिक्स और ऑटोमेशन विभाग के प्रमुख प्रो. डॉ. पद्माकर पवार ने कहा कि "लीन मैनेजमेंट का उपयोग विनिर्माण क्षेत्र के सभी विभागों में तेजी से हो रहा है। यह पाठ्यक्रम मुख्य रूप से छात्रों को उत्पादकता बढ़ाने के लिए जापान में विकसित तकनीकों को सिखाएगा।